चलो रे भोले भक्तों हरिद्वार में | By Ashish Chandra Shastri |

अरे चलो चलो रे भोले भक्तों हरिद्वार में ।
हर की पैड़ी बीच नहाए ये ये ये हाय ॥
गंगा की धार में चलो बम बम बम ।

हरिद्वार जाने से कट जाती है यम की फाँसी
भोले जी के दर्शन से नहीं रहती कभी उदासी
समय का घोड़ा भाग रहा है ये ये ये हाय
क्यों बैठा बेचार में चलो हो बम बम बम

भोले जी के शिवलिंग पर जो जल की धार चढ़ाते
उनके जीवन बीच अंधेरे कभी नहीं है आते
अरे भर भर झोली वो ले आया ये ये ये हाय
भर भर झोली वो ले आया जो आया दरबार में

हरिद्वार की गली गली में शिव का रंग समाया
शिव भोले का रूप अनोखा सभी के मन को भाया
हरिद्वार का रूतबा है ये ये ये हाय
बम बम की जयकार में चलो बम बम बम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5/